रा० सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

दिनाँक - 11-03-2024

PAGE 36
DATE

(प्रथम दिवस आख्या)

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय दिन-रात्री का विशेष शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरमोली में 11-03-2024 से 17-03-2024 के मध्य आयोजन किया जाना है।

आज दि० 11-03-2024 को सभी स्वयंसेवक सर्व-प्रथम 8:00 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी के परिसर में एकत्रित हुए। उसके बाद सभी स्वयंसेवक शिविर स्थल की ओर प्रातः 8:30 बजे प्रस्थान किया और 9:00 बजे शिविर स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरमोली पहुँचे। उसके बाद सभी शिविरार्थियो शिविर स्थल में अपने रहने की व्यवस्था बनाई साथ ही शिविर स्थल पर सभी कमरो की साफ सफाई भी की गई। उसके बाद रा० से० योजना का शुभारम्भ राजकीय स्नातकोत्तर ~~के~~ मुनस्यारी के प्राचार्य प्रो० हिलेश कुमार जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित ~~कर~~ किया गया। साथ ही प्राचार्य महोदय द्वारा स्वयं सेवको को रा० से० यो० के महत्व पर जानकारी दी और सभी स्वयं सेवको को सात दिवसीय कैंप को सफल बनाने की शुभकामनाएँ दी। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० प्रदीप मंगुल द्वारा शिविरार्थियो को शिविर में अनुशासित रहने के लिए आग्रह किया। म० वि० के ~~र~~ राजनीतिक विज्ञान के प्रभारी डॉ० रिफाकत अली जी ने समय के महत्त्व को बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी चंद्र प्रकाश आर्या, डॉ० राजेन्द्र सिंह राणा, कु० गंगोत्री रायपा, डॉ० शैलेश भंडारी, धर्मेन्द्र सिंह नित्वाल, और रा० प्रा० वि० के प्राध्यापक श्री नवीन विश्वकर्मा मौजूद थे। उसके बाद सभी स्वयंसेवको ने दोपहर 12:00 बजे भोजन किया। शाम को 3:00 बौधिक सत्र चलाया गया। जिसमें प्राध्यापको द्वारा N.S.S. के महत्त्व को समझाया गया। शाम को 8:00 बजे रात्री का भोजन करके सभी स्वयंसेवक सो गये।

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय से० यो०
राजकीय महाविद्यालय
(मुनस्यारी)

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के आख्या

दिनाँक - 12-03-2024

PAGE
DATE

(द्वितीय दिवस आख्या)

आज दिनाँक 12-03-2024 को विशेष शिविर का द्वितीय दिवस है। प्रात: 6:00 बजे नित्य कार्य करके स्वयं सेवकों द्वारा विद्यालय की सफाई की और व्यायाम भी किया। तथा ठीक 8:30 बजे सभी ने नाश्ता किया उसके बाद सभी स्वयंसेवक सरमोली गाँव में मार्यो संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर गाँव को साफ-सफाई की गई तथा गाँव वालों को स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई।

उसके बाद बौधिक सत्र में मार्यो संगठन एवं सरमोली गाँव की सरपंच मलिका विर्दी जी द्वारा स्वयं सेवकों रा० से० यो० के बारे में जानकारी दी गई साथ ही घर में बैठे अनेक स्वरोजगार करने की जानकारी भी दी। उसके बाद सभी स्वयं सेवक 1:30 बजे अपने शिविर स्थल पर पहुंचे उसके बाद सभी ने नहाना धोना किया फिर दोपहर का भोजन करके सभी अपने-2 कमरे में विश्राम करने के लिए चले गये। सांयं 5:00 बजे चाय पीने के बाद सभी स्वयं सेवक खेल कूद में व्यस्त रह गये। रात्री 8:00 बजे सभी स्वयं सेवकों द्वारा रात्री का भोजन करने के बाद 8:30 बजे से सांस्कृति कार्यक्रम चलाया गया। ठीक 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने शयन कक्ष में चले गये।

(शुभ रात्री)

प्राचार्य
डॉ० आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

12.03.2024
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

गैवर

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय, के आख्या

दिनाँक - 13-03-2024



(तृतीय दिवस आख्या)

आज दि० 13-03-2024 को विशेष शिविर का तृतीय दिवस है। आज भी हमेशा की तरह प्रातः 6:00 बजे रा० प्रा० वि० की साफ-सफाई किया। उसके बाद हमेशा की तरह 8:00 बजे नाश्ता किया गया। उसके उपरान्त सभी स्वयंसेवक शरखधूरा गाँव की ओर गये जहा पर रास्तो व नौलो की सफाई भी की गई। और स्वयंसेवको द्वारा उस गाँव की जानकारी भी ली गई। और गाँव वालो को भी अपने आस-पास साफ सफाई रखने की जानकारी स्वयं सेवको द्वारा दी गई। उसके बाद सभी स्वयं सेवक अपने शिविर स्थल पर पहुचे के बाद नहाना धोना किया। ठीक 1:00 बजे सभी स्वयं सेवको द्वारा दोपहर का भोजन किया गया। उसके बाद बौद्धिक सत्र का कार्यक्रम चलाया गया। 5:00 बजे स्वयं सेवको द्वारा सायं की चाय बनाई गई उसके बाद स्वयं सेवक खेलकूद मे व्यस्त रह गये। ठीक 6:00 बजे से स्वयं सेवक रात्री का भोजन व्यवस्था मे लग गये। और 8:00 बजे रात्री का भोजन करने के बाद 9:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयं सेवको द्वारा प्रस्तुत किये गये। उसके बाद 10:30 बजे सभी स्वयं सेवक अपने-2 शयन कक्ष मे चले गये। और सो गये।

(शुभम रावी)

प्राचार्य
स्व० श्री आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

कार्यक्रम अधिकारी 2024
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर की आख्या -

दिनांक - 14-03-2024

(चतुर्थ दिवस आख्या)

आज दिनांक - 14-03-2024 को विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस है। पूर्व की तरह निर्धारित समयानुसार सभी कार्यक्रम चलते रहे। फिर सभी स्वयं सेवकों द्वारा नास्ता किया गया। ठीक 9:00 बजे सभी स्वयं सेवक ग्राम नानासेम की ओर चले गये फिर स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम नानासेम में महाकाली मन्दिर की साफ-सफाई की गयी। फिर स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामवासी से जनसंपर्क किया। और वहाँ के बारे में जानकारी ली। 11:30 बजे सभी स्वयं सेवक शिविर स्थल में पहुंचे उसके बाद नहा धोकर सभी ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया। उसके बाद 2:30 बजे से बौधिक सत्र प्रारम्भ किया गया जिसमें आज के मुख्य अतिथि अभिसूचना अधिकारी कबूल चन्द्र जी थे। उन्होने स्वयं सेवकों को रा० से० यो० के महत्व पर जानकारी दी एवं कानून व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। फिर स्वयं सेवकों द्वारा साय की चाय पी। और सभी स्वयं सेवक खेल कूद में व्यस्थ रहे गये। फिर स्वयं सेवकों द्वारा रात्री का भोजन व्यवस्था की तैयारी करी गई और ठीक 8:30 बजे सभी ने रात्री का भोजन करने के बाद सभी स्वयं सेवक सास्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में व्यस्थ रह गये। 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने शयन कक्ष में चले गये और सो गये।

शुभ रात्री

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

कार्यक्रम अधिकारी 14.03.2024
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर की आख्या -

PAGE 38
DATE ______

दिनाँक- 15-03-2024

(पंचम दिवस आख्या)

आज दिनांक 15-03-2024 को विशेष शिविर का पंचम दिवस है। प्रत्येक दिवस की भाँति प्रातः 6:00 बजे से प्रार्थना व व्यायाम किया तथा 7:00 बजे सभी शिविरार्थियो द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई की। 8:00 बजे सभी ने नास्ता करने के बाद सभी स्वयं सेवक गाव सरमोली के रघुनाथ मन्दिर की साफ-सफाई के लिए चले गये। मन्दिर पहुन्च कर सभी स्वयं सेवको द्वारा मन्दिर प्रांगण की साफ सफाई की गई। उसके बाद सभी स्वयं सेवक 12:00 बजे शिविर स्थल पर पहुन्चे। उसके बाद स्वयं सेवको ने नहाना धोना किया। ठीक 1:00 बजे स्वयं सेवको द्वारा दोपहर का भोजन किया। फिर 2:30 बजे से बौधिक सत्र चलाया गया। बौधिक सत्र के मुख्य अथिति B.R.C. समन्वयक श्री भीमराम जी थे। उन्होंने स्वयं सेवको को अनुशासन अपने लक्ष्य को प्राप्त करना, और अपने माता-पिता, व गुरुजनो का आदर करना एवं N.S.S. के विषय मे जानकारी दी। उसके बाद स्वयं सेवको द्वारा सायं की चाय पी और खेलकूद मे व्यस्थ रह गये। फिर स्वयं सेवको द्वारा रात्री को भोजन व्यवस्था की उसके बाद 8:00 बजे सभी ने भोजन ग्रहण किया फिर स्वयं सेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी मे लग गये। 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक सो गये।

शुभ रात्री

प्राचार्य
डॉ. आर. [illegible] टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
19/06/[illegible]

कार्यक्रम अधिकारी 03.2024
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर की आख्या
दिनांक - 16-03-2024

PAGE

— षष्ठम दिवस की आख्या —

आज दिनांक - 16-03-2024 को विशेष शिविर का षष्ठम् दिवस है। प्रत्येक दिवस की भाँति प्रातः 6:00 बजे से प्रार्थना व्यायाम किया गया फिर सभी स्वयं सेवको द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई की गई। उसके सभी ने नाश्ता किया उसके बाद सभी स्वयं सेवक सुरिंग गाँव की ओर चले गये। सुरिंग गाँव पहुँचकर सभी स्वयं सेवको द्वारा माँ नन्दा मन्दिर व गाँव के नहरो की साफ सफाई की गई। उसके बाद गाँव में जा कर स्वयं सेवको द्वारा गाँव के लोगो के साथ जनसम्पर्क किया। ठीक 12:00 बजे स्वयं सेवक शिविर स्थल पर पहुँचे उसके नहाना धोना हुआ और दोपहर का भोजन किया गया। फिर 2:30 बजे बौधिक सत्र चलाया गया। बौधिक सत्र में आज के मुख्य अतिथि रा० प्रा० वि० के प्राध्यापक श्री मेहक सिंह जी थे। उन्होने स्वयं सेवको को एन० एस० एस० के महत्वो के बारे मे जानकारी दी और स्वयं सेवको को उनके उज्जवल की कामनाएँ की शुभकामनाये दी। फिर स्वयं सेवको ने शाम की चाय पी और खेल कूद मे व्यस्थ रह गये। फिर शाम को ~~किर्ति~~ किर्तन भजन हुआ और शाम का भोजन करने के बाद सभी स्वयं सेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में व्यस्थ हो गये। 10:00 बजे सभी स्वयं सेवक अपने-2 शयन कक्ष में चले गये। और फिर सो गये।

शुभ रात्री

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर० एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
16/03/24

कार्यक्रम अधिकारी 16/03/2024
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर की आख्या -

PAGE 39
DATE

दिनांक -17-03-2024

## सप्तम दिवस आख्या

आज दिनांक 17-03-2024 का विशेष शिविर का सप्तम दिवस है। प्रत्येक दिवस की भाँति प्रातः 6:00 बजे से प्रार्थना व्यायाम किया गया। फिर सभी स्वयं सेवको द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई कि गयी उसके बाद स्वयं सेवको ने भोजन की व्यवस्था की फिर सभी ने भोजन किया। उसके बाद स्वयं सेवको द्वारा समापन समारोह के कार्यक्रम की तैयारी मे लग गये। उसके बाद ठीक 11:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरु हुऐ। समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती मलिका विर्दी जी एवं रा०स्ना० म०वि० के प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी जी रहे। उसके बाद रा०से० यो० के स्वयं सेवको द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में रा०स्ना० म०वि० के प्राध्यापक एवं रा० इ० का० सरमोली के प्राध्यापक, व गाँव के लोग भी रहे। उसके बाद मुख्य अतिथि का भाषण हुआ और उन्होंने स्वयं सेवकों को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाऐं शुभकामनाएं दी। फिर रा०से० यो० के स्वयं सेवकों को सात दिवसीय कैम्प मे सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया। अन्त मे रा०स्ना० म०वि० के प्राचार्य महोदय जी का भाषण हुआ उसके बाद प्राचार्य महोदय जी ने समापन की घोषणा की। उसके बाद सभी स्वयं सेवक शिविर स्थल सरमोली से कालेज की ओर प्रस्थान किया और कालेज मे समान रखकर सभी अपने-2 घर को चले गये।

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

2024
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)